


## भारत को मैरी कॉम और निकहत, दोनों पर गर्वः रिजिजू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री किरण रिजिजू ने सोमवार को कहा है कि मैरी कॉम दिग्गज खिलाड़ी हैं तो निकहत जरीन शानदार मुक्केबाज हैं। उनमें छह बार की विश्व विजेता मुक्केबाज के नक्शेकदम पर चलने का दम है, और इसलिए भारत को दोनों पर गर्व है। दोनों खिलाड़ी बीते कुछ महीनों से रिंग के बाहर चर्चा में थीं और हाल ही में रिंग में उतरने के बाद भी चर्चा में हैं। रिजिजू ने ट्वीट किया, इस पर कई तरह के मुद्दे बना दिए गए हैं। मैरी कॉम महान मुक्केबाज हैं, जिन्होंने वो सब हासिल किया जो एमेच्योर मुक्केबाजी में कोई और हासिल नहीं कर सका। निकहत शानदार मुक्केबाज हैं, जिनमें मैरी कॉम के पदचिह्नों पर चलने की काबिलियत है। भारत को दोनों पर गर्व है।

खेल मंत्री का यह बयान दोनों मुक्केबाजों के बीच ओलिंपिक क्वॉलिफायर ट्रायल्स के फाइनल मैच के बाद उपजे विवाद के बाद आया है। मैरी कॉम ने निकहत को फाइनल में 9–1 से मात दे चीन में होने वाले ओलिंपिक क्वॉलिफायर का टिकट कटाया था। मैच के बाद मैरी कॉम ने निकहत से हाथ भी नहीं मिलाया था।

# कोहली विजडन की दशक की टी20 टीम में, धोनी को नहीं मिली जगह

## ऑस्ट्रेलिया के आरोन फिंच को टीम का बनाया गया कप्तान

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। भारतीय कप्तान विराट कोहली और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को विजडन ने दशक की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल किया है लेकिन महेंद्र सिंह धोनी इस टीम में जगह नहीं बना पाए। ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के कप्तान आरोन फिंच को टीम का कप्तान बनाया गया है जिसमें दो अन्य ऑस्ट्रेलियाई शेन वॉटसन और ग्लेन मैक्सवेल, इंग्लैंड के जोस बटलर और डेविड विली, अफगानिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी और राशिद खान, न्यू जीलैंड के कोलिन मुनरो और श्रीलंका के लसिथ मलिंगा शामिल हैं।

विजडन ने कोहली के बारे में लिखा है, 'कोहली का घरेलू टी20 रेकॉर्ड उतार–चढ़ाव वाला रहा है लेकिन टी20 अंतरराष्ट्रीय में ऐसा नहीं कहा जा सकता है। कोहली



का औसत 53 है जो दशक में सर्वश्रेष्ठ है और जबकि उनकी निरंतरता उनके स्ट्राइक रेट से थोड़ा समझौता करती है, तब भी वह असाधारण नहीं लेकिन अच्छी दर से स्कोर बनाने में सक्षम हैं।' विजडन ने अपनी वेबसाइट पर लिखा है, 'तेज और स्पिन गेंदबाजी के सामने दमदार और विकेटों के बीच तेज दौड़ के कारण कोहली नंबर तीन के आदर्श खिलाड़ी हैं जो शुरू में विकेट गिरने के बाद तीक्ष्ण गेंदबाजी का डटकर सामना करके पारी संवारने में सक्षम हैं लेकिन साथ ही अच्छी शुरुआत मिलने पर तेजी से रन बना सकते हैं। पहले विकेट के लिए बड़ी साझेदारी होने पर कोहली इस एकादश के बल्लेबाजी क्रम में नीचे आएंगे।' कोहली को विजडन ने दशक के पांच खिलाड़ियों में शामिल किया था। इनमें स्टीव स्मिथ, डेल स्टेन, एबी डि विलियर्स और एलिस पैरी भी शामिल थे। कोहली को जहां विजडन की दशक की टी20 टीम में बल्लेबाजों में जगह मिली है वहीं गेंदबाजों में बुमराह अपने शानदार 'इकॉनमी रेट' और डेथ ओवरों की बेहतरीन गेंदबाजी के कारण अंतिम एकादश में स्थान बनाने में सफल रहे।

विजडन ने लिखा है, 'बुमराह का ओवरऑल इकोनॉमी रेट 6.71 है जो विश्व के तेज गेंदबाजों में डेल स्टेन के बाद दूसरा सर्वश्रेष्ठ है। यह आंकड़ा तब और प्रभावशाली लगता है जब आप इस पर गौर करो कि उन्होंने अधिकतर गेंदबाजी डेथ ओवरों में की जहां उनका 7.27 का इकोनॉमी रेट विश्व में सातवां सर्वश्रेष्ठ और तेज गेंदबाजों में सर्वश्रेष्ठ है। बुमराह अपनी टीम के लि तीन ओवर डेथ ओवरों में करते रहे हैं।'

# गौतम गंभीर को डीडीसीए का अध्यक्ष बनाना चाहते हैं अधिकारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नई दिल्ली। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ अगले साल 13 जनवरी को अपना नया अध्यक्ष चुनेगा। अगर सब कुछ तय रणनीति के मुताबिक रहा तो भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर से इस पद को संभालने के लिए कहा जा सकता है। रजत शर्मा के इस्तीफे के बाद से यह पद खाली पड़ा है।

डीडीसीए की कोशिश वापस रास्ते पर आने की है और उसके अधिकारियों को लगता है कि गंभीर इस काम को सफलतापूर्वक अंजाम दे सकते हैं। डीडीसीए के एक अधिकारी ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स को दो बार आईपीएल का खिताब दिलाने वाले कप्तान से बात की गई है, क्योंकि गंभीर कप्तान थे और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अनुभव भी है, जो डीडीसीए को वापस पटरी पर लाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, उन्होंने बताया है कि वह क्या कर सकते हैं। उन्होंने नाइट राइडर्स का भविष्य बदला था। दिल्ली क्रिकेट में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

हमने देखा है कि बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने प्रशासक के तौर पर अपनी नेतृत्व क्षमता का किस तरह से निर्वहन किया है। इसी तरह हमें लगता है कि गंभीर इस समय डीडीसीए के लिए सही विकल्प हैं।

उन्होंने कहा, श्भाजपा के कुछ अधिकारियों ने हालिया दौर में उनसे स्थिति को समझने के लिए संपर्क किया था और कल (रविवार) के बाद तो लग रहा है कि एक गंभीर की तरह सख्त इंसान संघ को वापस पटरी पर लाने के लिए सही होगा।

हां, उन्होंने इससे संबंधित बातों में रुचि दिखाई है। नए साल में उनसे और मुलाकातें हो सकती हैं। डीडीसीए की रविवार को हुई वार्षिक आम बैठक में डीडीसीए के अधिकारी आपस में लड़ पड़े थे, जिसके बाद गंभीर ने ट्वीट कर भड़ास निकाली थी।

## चोट के कारण एटीपी कप से हटे जापान के केई निशिकोरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पर्थ। जापान के टेनिस स्टार केई निशिकोरी कोहनी की चोट से जूझ रहे हैं और इसी के चलते उन्होंने सोमवार को अगले साल होने वाले पहले एटीपी कप से हटने का फैसला किया। चोट के कारण वह यूएस ओपन के बाद से टेनिस कोर्ट से बाहर चल रहे हैं। निशिकोरी एक समय विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर थे लेकिन अब 13वें स्थान पर खिसक गए हैं। निशिकोरी ने निराशा जताई कि वह तीन जनवरी से शुरू होने वाली टीम स्पर्धा में अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं कर पाएंगे। उन्होंने बयान में कहा, 'आज अपनी टीम के साथ मिलकर हमने यह फैसला किया कि मैं अब भी उच्च स्तर पर खेलने के लिए शत प्रतिशत फिट नहीं हूं।' 30 वर्षीय निशिकोरी ने अक्टूबर में अपनी कोहनी की सर्जरी कराई थी और अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह 20 जनवरी से मेलबर्न पार्क में शुरू होने वाले साल के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन में खेल पाएंगे या नहीं। जापान एटीपी कप टीम में निशिकोरी की जगह योशीहितो निशिओका को लिया गया है। निशिकोरी से पहले ब्रिटेन के दिग्गज एंडी मरे भी चोट के कारण इस प्रतियोगिता से हट गए थे जबकि रोजर फेडरर ने इसमें नहीं खेलने का फैसला किया था।

## न्यूज डायरी



### भारत का पूर्व हॉकी खिलाड़ी फुटपाथ पर गुजार रहा जिंदगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इस पूर्व हॉकी खिलाड़ी ने जब हॉकी की स्टिक अपने हाथ में उठाई होगी तो शायद कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि अपनी जिंदगी में उन्हें ऐसे चुनौती भरे दिन भी देखने होंगे। आज यह खिलाड़ी इस हाड़ कंपकंपा देने वाली दिल्ली की ठंड में फुटपाथ पर अपनी जिंदगी जीने को मजबूर है। सोशल मीडिया पर जब इस खिलाड़ी की यह कहानी सामने आई तो खेल मंत्री किरण रिजिजू और बॉलिवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने इस खिलाड़ी की मदद के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाया। सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट के मुताबिक अमरजीत सिंह भारत के लिए जूनियर हॉकी खेल चुके हैं और उन्होंने ऐथलेटिक्स में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया है। अपने शानदार खेल के दम पर पहचान बनाने वाले इस खिलाड़ी ने कई साल लंदन और जर्मनी में भी बिताए। लेकिन अब यह खिलाड़ी दिल्ली के पहाड़ गंज एरिया में फुटपाथ पर अपना जीवन काटने को मजबूर है।

### रिकी पॉन्टिंग ने चुनी इस दशक की टेस्ट इलेवन, विराट को सौंपी कप्तानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इन दिनों सभी पूर्व क्रिकेटर्स साल 2019 के खत्म होने के साथ इस दशक की अपनी–अपनी टेस्ट टीमें तैयार कर रहे हैं। इस मुहिम में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पॉन्टिंग भी शामिल हो गए हैं। पॉन्टिंग ने आज इस दशक (2010–2019) की अपनी टेस्ट इलेवन की तस्वीर ट्विटर पर पोस्ट की है। इस पूर्व कंगारू कप्तान ने टीम इंडिया को अपनी इस खास टेस्ट टीम की कप्तानी सौंपी है। हालांकि पॉन्टिंग द्वारा चुनी गई टेस्ट इलेवन में भारत से विराट ही एकमात्र खिलाड़ी हैं, जबकि पाकिस्तान से किसी भी खिलाड़ी को इसमें जगह नहीं मिली है। पॉन्टिंग की इस टीम में 5 खिलाड़ी ऐसे हैं, जो अपने–अपने देश की टेस्ट टीमों के कप्तान हैं या रहे हैं। अपनी टेस्ट एकादश में पॉन्टिंग ने इंग्लैंड से सर्वाधिक 4, ऑस्ट्रेलिया से 3 और भारत, न्यू जीलैंड, साउथ अफ्रीका, श्री लंका से एक– एक खिलाड़ी को जगह दी है।

### आउट देते–देते नाक खुजाने लगे अंपायर, बताई वजह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया की टी20 लीग बिग बैश लीग में मेलबर्न रेनेगेड्स और ऐडिलेड स्ट्राइकर्स के बीच हुए मुकाबले में एक अंपायरी फैसले ने काफी सुर्खियां बटोरीं। अंपायर ने इस मैच के दौरान आउट देने के लिए उंगली उठाई और फिर अपनी नाक खुजाने लगे। ग्रेग डेविडसन ने ब्यू वेबस्टर के खिलाफ राशिद खान की अपील पर उंगली उठाना शुरू किया। स्ट्राइकर्स के खिलाड़ियों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया ही था कि बीच में ही अंपायर का मन बदल गया और उन्होंने नाक खुजाना शुरू कर दिया। डेविडसन ने ऑस्ट्रेलियाई चैनल चौनल7 के साथ बातचीत में कहा, मैंने आउट देना शुरू किया लेकिन मेरे जेहन में दूसरा विचार आया और मैंने बीच में ही अपना फैसला बदलते हुए उसे नॉट आउट करार दिया। रीप्ले में हालांकि यह साफ हुआ कि अंपायर का नॉट आउट देने का फैसला सही था।

### लायन का वॉर्न को जवाब, 'आपने कब मैकगिल को मौका दिया'

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के नाथन लायन ने सिडनी टेस्ट से विश्राम लेने के शेन वॉर्न के सुझाव को दो टूक शब्दों में नकारते हुए सोमवार को कहा कि इस दिग्गज लेग स्पिनर ने क्या कभी अपने करियर में स्टुअर्ट मैकगिल को मौका देने की कोशिश की। वॉर्न ने लायन को न्यू जीलैंड के खिलाफ सिडनी टेस्ट से विश्राम देने और उनकी जगह लेग स्पिनर मिशेल स्वेपसन को अंतिम एकादश में रखने की वकालत की थी। वॉर्न ने कहा था कि अगर चयनकर्ता इस तीसरे और अंतिम टेस्ट के लिए एक स्पिनर का चयन करते हैं तो उन्हें लायन को बाहर करके स्वेपसन को पदार्पण का मौका देना चाहिए। उन्होंने कहा था, 'मिशेल स्वेपसन को टेस्ट मैच का अनुभव दिलाने के लिए उन्हें मौका देना चाहिए। मेरा मानना है कि इसका भविष्य में फायदा मिलेगा।'